लखनऊ में खुलेगा प्रदेश का पहला निफ्टेम सैटेलाइट सेंटर

आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और प्रशिक्षण से युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश का पहला राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) का सैटेलाइट सेंटर लखनऊ में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए तीन स्थान चिह्नित किए गए हैं। इनमें राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, आलमबाग, राजकीय उद्यान, अलीगंज और उद्यान निदेशालय, हजरतगंज शामिल हैं। सेंटर की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को तकनीकी मजबूती मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण व रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

सेंटर में खाद्य प्रसंस्करण और उद्यान क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कुशल मानव संसाधन विकास पर जोर दिया जाएगा। किसानों, उद्यमियों और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के साथ विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। यहां खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं, अनुसंधान एवं विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और इन्क्यूबेशन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। शैक्षणिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके संचालन और विकास में निफ्टेम सोनीपत के विशेषज्ञ सहयोग करेंगे। सेंटर में प्रयोगशाला, इन्क्यूबेशन और अनुसंधान सुविधाओं के जरिए विद्यार्थियों को खाद्य उत्पादों के विकास और परीक्षण का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

व्यावसायिक पाठ्यक्रम और एफडीपी होंगे संचालित : खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने बताया कि सेंटर में विभिन्न व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के साथ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) संचालित किए जाएंगे। एमएससी विद्यार्थियों के लिए विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम भी शुरू होगा। राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ के विद्यार्थियों को अनुसंधान और नए खाद्य उत्पादों के विकास से जुड़ी परियोजनाओं में सीधे शामिल किया जाएगा।

प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से विकसित होगा सेंटर : सेंटर के विकास में निफ्टेम सोनीपत के अलावा केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (आईसीएआर-सीआईएसएच), केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) और लखनऊ विश्वविद्यालय सहयोग करेंगे। इनके अनुभव और विशेषज्ञता से खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाएगी।